पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

BJP अकेली लड़ेगी BMC चुनाव!

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

उल्हास विकास

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 254 ■ बुधवार, 1 जनवरी 2025 ■ पृष्ठ 4

3 रुपए

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

शहर में ऑल आऊट कोम्बिंग ऑपरेशन

- 29 मामले दर्ज
- 7 आरोपी गिरफ्तार
- 65 लोगों को नोटिस
- कीमती सामान जब्त

उल्हासनगर. वर्ष 2024 के अंत में शहर में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए ठाणे शहर पुलिस आयुक्तालय के परिमंडल 4 के अंतर्गत आने वाले उल्हासनगर डिवीजन में एक 'ऑल आउट कॉम्बिंग ऑपरेशन' चलाया गया। अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास जगाने के लिए रात भर चलाए गए इस अभियान में पुलिस ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

28 दिसंबर को रात्रि 11 बजे शुरू हुआ यह विशेष अभियान 29 दिसंबर को प्रातः 2 बजे समाप्त हुआ. इस अभियान के दौरान परिमंडल के 8 थानों के 16 वरिष्ठ अधिकारी एवं 263 पुलिस कर्मी सक्रिय रहे। इस अभियान में विभिन्न प्रकार के 29 अपराध दर्ज कर कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा 65 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। इस 'सम्पूर्ण तलाशी अभियान' में भारतीय शस्त्र अधिनियम के तहत 2 मामले दर्ज किए गए हैं, 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. 1 कुल्हाड़ी और 1 छुरी जब्त की गई है।

23 मामलों में कार्रवाई

महाराष्ट्र मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 13 मामलों में कार्रवाई की गई। 4 स्थानों पर अवैध जुआ के मामलों में कार्रवाई की गई। कोप्टा अधिनियम के तहत 23 मामलों में कार्रवाई की गई। एक अवैध प्रतिष्ठान के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। मादक पदार्थ से संबंधित 8 मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

22,450 रुपये मूल्य की सामग्री जब्त

पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने बताया कि अन्य कार्रवाई में महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 142 के तहत 1 मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में कीमती सामान जब्त किया है। हथियार, गांव की शराब, इंपीरियल ब्लू कंपनी की शराब और गावठी भट्टी के लिए आवश्यक सामग्री सहित जब्त की गई वस्तुओं का कुल मूल्य 22,450 रुपये बताया गया है। यह विशेष अभियान ठाणे शहर पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे, संयुक्त आयुक्त ज्ञानेश्वर चव्हाण, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय जाधव और उल्हासनगर परिमंडल-4 के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे के मार्गदर्शन में चलाया गया।

उल्हासनगर में फिर शुरू हुए डांस बार

- आशियाना डांस बार का वीडियो हो रहा वायरल
- पूर्व मुख्यमंत्री शिंदे के आदेश को चैलेंज
- सेंट्रल व विट्ठलवाड़ी पुलिस के आशीर्वाद से चल रहे डांस बार
- श्रीराम चौक बना डांस बार का बाजार

उल्हासनगर. पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे जिले को डांस बार मुक्त करने की ठानी हुई थी लेकिन जैसे ही चुनाव संपन्न हुए वैसे ही शहर में डांस बार का कारोबार दोबारा शुरू हो गया। कुछ दिनों पूर्व सेंट्रल पुलिस थाने क्षेत्र के मशहूर आशियाना डांस बार के भीतर का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है जिसमें ग्राहक अश्लील नृत्य कर रही बार बालाओं के साथ झूम रहे हैं। ज्ञात हो कि उल्हासनगर में सेंट्रल व विट्ठलवाड़ी पुलिस थाना क्षेत्र में एक दर्जन डांस बार धड़ल्ले से चल रहे हैं जिसमें चांदनी बार, आंचल पैलेस, टोपाज बार, पैराडाइज बार, आशियाना बार, WWF बार, 100 बार, 90 बार, एपल बार, राखी बार आदि का समावेश है। इस क्षेत्र में ओंकार लॉज भी है जहां बैंकॉक की लड़कियां वेश्यावृत्ति करती पकड़ी गई थी। ऐसे में आशियाना डांस बार का यह वायरल वीडियो पुलिस के कार्यों की पोल खोल रहा है। यहां स्थानीय पुलिस कार्रवाई नहीं करती है जिस कारण ठाणे पुलिस का विशेष पथक कार्रवाई करने आता है। क्या इस बार सिर्फ कार्रवाई होगी या इन बारों पर हमेशा के लिए ताला लगेगा यह तो समय ही बताएगा।

फिलहाल पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच चल रही है, लेकिन ठोस कार्रवाई के कोई संकेत नहीं मिले हैं। हालाँकि, नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

संदेह है कि इस प्रकार की अश्लील हरकतें सिर्फ एक बार में नहीं बल्कि पूरे उल्हासनगर में ऐसे डांस बारों का जाल फैला हुआ है। इस मामले ने कानून और व्यवस्था के मुद्दे को फिर से सामने ला दिया है। अब पूरे शहर की नजर इस बात पर है कि प्रशासन क्या करेगा। उल्हासनगर में ऐसे बारों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाने की जरूरत है। अन्यथा अश्लीलता के छिपे खेल के कारण शहर की प्रतिष्ठा को बड़ा झटका लगने की संभावना है।

वायरल वीडियो...

पिछले दिनों छिपे हुए कैमरे में कैद हुए वीडियो में लड़कियां बार में आए ग्राहकों के सामने अश्लील हरकतें करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो के वायरल होने के बाद बार मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग बढ़ रही है। लोगों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं. नागरिकों का मानना है ऐसे बारों को चालू रखने के लिए पुलिस का संरक्षण मिलता है अन्यथा डांस बारों पर प्रतिबंध के बावजूद ऐसी चीजें कैसे जारी रह सकती हैं? यह प्रश्न नागरिकों द्वारा उठाया गया है।

बार में छापेमारी : 27 महिलाएं हिरासत में

विट्ठलवाड़ी पुलिस ने उल्हासनगर में दो बारों पर छापा मारा, जो निर्धारित समय से अधिक खुले थे और ग्राहकों के साथ अश्लील हरकतें कर रही 27 महिलाओं को हिरासत में लिया।

28 तारीख को पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली के आदेश और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक हर्षल कुलकर्णी ने आधी रात के करीब श्रीराम चौक स्थित एंजल सर्विस बार एंड रेस्टोरेंट पर छापा मारा। यहां होटल में महिलाएं ग्राहकों के प्रति अश्लील इशारे और शारीरिक अंग प्रदर्शन कर रही थीं तथा उन्हें शराब की पेशकश कर रही थीं. जिसके बाद मैनेजर और वेटर सहित 10 महिलाओं को हिरासत में लिया गया। वहीं 29 तारीख की मध्य रात्रि को लगभग 3:30 बजे विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की महिला पुलिस उपनिरीक्षक रोहिणी पाटिल ने 100 डेज़ आर्केस्ट्रा बार और रेस्तरां पर छापा मारा। यहां भी मैनेजर और वेटर के साथ 17 महिलाओं को हिरासत में लिया गया. पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले बारों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

मेरी हत्या की साजिश की गई है, मैं उसे नहीं बख्शूंगा - किणीकर

- पुलिस सूत्रधार को जल्द बेनकाब करेगी

अंबरनाथ. मेरी हत्या की साजिश रचने वालों को पुलिस बेनकाब करेगी और मेरी हत्या की साजिश के सूत्रधार को मैं बख्शने वाला नहीं हूं. अंबरनाथ के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने दैनिक उल्हास विकास से बात करते हुए उक्त बातें कही हैं.

उन्होंने कहा है कि मैंने ठाणे पुलिस कमिश्नर से एवं उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से भी इस संबंध में बात की है. पुलिस तेजी से जांच कर रही है. बहुत जल्द ही रिजल्ट सामने आएगा. जबकि उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि ये मामला बहुत ही गंभीर है. संदिग्ध व्यक्ति को क्राइम ब्रांच ने पूछताछ करके और उसका बयान लेकर उसे छोड़ दिया है. जनता के सामने हम ये लाकर ही रहेंगे कि उनकी हत्या की साजिश करने वाले कौन हैं. मैं इस मामले को लेकर चुप नहीं बैठूंगा. वैसे पुलिस ने हमें बताया है कि विधायक किणीकर की हत्या की साजिश रथी जा रही है. ऐसा 8 दिन पहले ही पुलिस को मालूम पड़ गया था.

किणीकर ने कहा है कि हम इसकी तह तक जाएंगे. मैं ये बता कर रहूंगा कि विधायक की ताकत क्या होती है. जिसने साजिश की है, उसे भुगतना पड़ेगा. विधायक किणीकर ने फोन पर हमसे 8 मिनट तक बातचीत की. बातचीस से ये पता चल रहा था कि उन्होंने ये निश्चय कर लिया है कि उनकी हत्या की साजिश करने वालों को वह अंजाम तक पहुंचा कर कानून के कटघरे में खड़ा करेंगे. उन्होंने आखिर में कहा कि पुलिस सूत्रधार को बेनकाब करके सामने लाएगी और हमको भी पुलिस पर पूरा भरोसा है. ऐसा विश्वास किणीकर ने जताया है. अगर रिजल्ट जल्द नहीं आया तो हम रास्ते पर उतरेंगे.

क्राइम ब्रांच ठाणे पुलिस ने कहा है कि अभी तक जांच चल रही है. किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया है. जल्द ही जांच पूरी करके हम नतीजे तक पहुंचेंगे. 8 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस नतीजे पर नहीं पहुंची है. संदिग्ध को छोड़ दिया गया है. अपराध भी दर्ज नहीं किया गया है. इसलिए शहर में चर्चा है कि पुलिस की भूमिका क्या है? और वह किस दिशा में जा रही है. इस बारे में कई प्रश्न उठाए जा रहे हैं.

केडीएमसी क्षेत्र में गुरुवार को बंद रहेगी पानी आपूर्ति

कल्याण. विद्युत और यांत्रिक उपकरणों की मरम्मत के साथ-साथ वितरण चैनल में पानी के रिसाव को रोकने के लिए 2 जनवरी को कल्याण डोंबिवली मनपा क्षेत्र में पानी की आपूर्ति 18 घंटे के लिए बंद कर दी जाएगी. कल्याण डोंबिवली मनपा के बारावे, मोहिली, नेतिवली और टिटवाला जल शुद्धिकरण केंद्रों में विद्युत और यांत्रिक उपकरणों की मरम्मत और वार्ड क्षेत्र में वितरण चैनल पर पानी के रिसाव को रोकने के लिए गुरुवार 2 जनवरी 2025 को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक 18 घंटे जल आपूर्ति बंद रहेगी.

केडीएमसी क्षेत्र के कल्याण पूर्व, कल्याण पश्चिम, मांडा-टिटवाला, वडवली, अंबिवली, शहाड, अटाली और डोंबिवली पूर्व और पश्चिम में मनपा के बारावे, मोहिली, नेतिवली और टिटवाला जल शोधन केंद्रों से पानी नहीं मिलेगा.

कुर्ला कैम्प रोड अधर में लटका

- धूल से परिसर के निवासी हो रहे बीमार
- रोजाना दुर्घटना के शिकार हो रहे वाहन चालक
- विधायक किणीकर गहरी नींद में



उल्हासनगर. विधानसभा चुनाव से समाप्त हो गए लेकिन शहर के रास्तों को बनाने का काम अभी तक खत्म नहीं हो रहा है। अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र में आने वाले नेताजी चौक से कुर्ला कैम्प जाने वाली सड़क की दुर्दशा इतनी खराब हो गई है यहां पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। यह सड़क का कार्य पिछले 4 माह से अधर में लटका हुआ है लेकिन स्थानीय विधायक बालाजी किणीकर गहरी नींद में सो रहे हैं। क्योंकि इसकी शिकायत कई बार विधायक किणीकर से भी की गई थी कि सड़क का निर्माण कार्य करीब 4 माह से लटका हुआ है उसे शुरू तो नहीं किया जा रहा लेकिन यहां से उड़ रही धूल के कारण लोग बीमार हो रहे हैं।

इन चार महीनों में रोजाना दुपहिया चालक गड्ढों में गिर रहे हैं तो वहीं धूल से अस्थमा, खांसी, जुकाम व अन्य बीमारियों का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। इसकी जिम्मेदार प्रशासन व विधायक को स्थानीय लोग ठहरा रहे हैं क्योंकि उनकी ही लापरवाही के कारण इस सड़क के निर्माण का कार्य रुका हुआ है। क्या प्रशासन व विधायक गहरी नींद से उठकर इस सड़क के निर्माण कार्य को पूरा करेंगे।

वायु प्रदूषण रोकने के लिए मीस्ट मशीन का उपयोग

अंबरनाथ. अंबरनाथ शहर में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए मीस्ट मशीन का प्रयोग किया जा रहा है. अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा इसका इस्तेमाल शहर में किया जा रहा है. इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए मुख्याधिकारी अभिषेक पराडकर ने बताया कि मीस्ट मशीन से विविध प्रकार के फव्वारों से पानी निकलता है. हवा में पानी के फव्वारे मारने से हवा में जो धूल होती है, वह जमीन पर आती है. हवा में जो कण होते हैं, वह जमीन पर आने से हवा शुद्ध

हो जाती है. इस मशीन से जमीन पर भी पानी मारा जाता है, जिसके कारण धूल जमीन में बैठ जाती है. जिससे हवा का प्रदूषण कम हो जाता है. प्रदूषण कम से कम हो और हवा की गुणवत्ता कायम रहे, इसके लिए इस मशीन का हम शहर में इस्तेमाल कर रहे हैं. ऐसा पराडकर ने बताया है. ठंडी के मौसम में हवा भारी होती है. इसलिए प्रदूषण बढ़ जाता है. इसके लिए मीस्ट मशीन असरकारक सिद्ध होती है. अंबरनाथ में गत कुछ दिनों से वायु प्रदूषण बढ़ गया था. सुबह के समय ये साफ तौर से देखा जा रहा है. मीस्ट मशीन के इस्तेमाल से हवा का प्रदूषण कंट्रोल में रहेगी, ऐसी आशा की जा रही है.

कल्याण-डोंबिवली में मच्छरों का बढ़ता प्रकोप

- मनपा द्वारा दवा न छिड़कने की शिकायतें

उल्हास विकास संवाददाता

कल्याण. कल्याण-डोंबिवली शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मच्छरों की संख्या बढ़ गई है। नागरिक शाम सात बजे से सुबह तक मच्छरों के प्रकोप से परेशान हैं। शाम के समय मच्छरों के झुंड घरों में घुस आते हैं। मच्छरों से बचाव के चाहे कितने भी उपाय कर लिए जाएं, मच्छर घर से बाहर नहीं जाते।

खुले सीवरों और नालियों में मच्छरों की संख्या अधिक होती है। शहर के विभिन्न हिस्सों में निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण स्थल पर पानी के भंडारण के लिए खुले टैंक रखे गए हैं। यहां मच्छरों का भी बहुत प्रकोप है। मलिन बस्तियों और गंदी बस्तियों में मच्छरों की संख्या सबसे अधिक है।

इन मच्छरों पर नियंत्रण के लिए महानगर पालिका हर माह, हर पखवाड़े सुबह मिनी ट्रैक्टरों और शाम को जीपों के माध्यम से हर वार्ड में धुआं करती थी। मनपा कर्मचारी अपनी पीठ पर पंप लादकर, मच्छर मारने वाली दवा छिड़कने के लिए चालों, झुग्गियों और इमारतों में जाते थे। नागरिकों की शिकायत है कि मनपा की दवा छिड़काव प्रणाली दो महीने से काम नहीं कर रही है। इसी कारण मच्छरों की संख्या बढ़ गई है।

मच्छर नियंत्रण के लिए महानगर पालिका के पास 175 कर्मचारियों की एक अलग टीम है। जीपों, ट्रैक्टरों और हैंडपंपों के माध्यम से नियमित रूप से दवा का छिड़काव किया जा रहा है। यह छिड़काव नागरिकों की शिकायतों के आधार पर किया जा रहा है। यह छिड़काव वार्ड स्तरीय स्वच्छता निरीक्षक के नियंत्रण में किया जाता है।

-**अतुल पाटिल,** उपायुक्त, घनकचरा विभाग

ढोंगी बाबा ने लड़की से की अश्लील हरकत, मामला दर्ज

कल्याण. बदलापुर में बच्चों के साथ यौन शोषण की घटना अभी ताजी है और इसी बीच कल्याण में यौन उत्पीड़न की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है. अब फिर एक ऐसी घटना घटी है, जहां साधु के वेश में एक ढोंगी ने एक बच्ची के साथ अश्लील हरकतें कीं। अघोरी विद्या की मदद से समस्या को सुलझाने की आड़ में यह ढोंगी लड़की को एक कमरे में ले गया और उसके साथ अश्लील हरकतें कीं. इस मामले को लेकर लड़की ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस ने भोंदू बाबा के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया।

यह जघन्य घटना कल्याण के निकट अम्बिवली इलाके में घटी। खुद को अघोरी विद्या का गुरु बताकर एक भोंदू बाबा ने एक लड़की के साथ अश्लील हरकतें कीं। इस आरोपी का नाम अरविंद जाधव है और उसके खिलाफ खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

पीड़िता ने सुनाई आपबीती

पीड़िता ने बताया है कि मैंने अपनी पारिवारिक समस्या एक बाबा के पास रखी थी। लेकिन, उस बाबा ने मेरे साथ गंदी हरकतें कीं। मैं अपने रिश्तेदार को बाबा के पास ले गई। उस बाबा ने रिश्तेदार को बाहर बैठने को कहा और मुझे अकेले कमरे में ले गया।

भोंदू बाबा ने पीड़िता से कहा कि तुम बहुत परेशानी में हो। मैं तुम्हारी समस्या हल कर दूंगा। भोंदू बाबा ने मेरे शरीर को छूना शुरू कर दिया। उसने मेरे निजी अंगों को भी छुआ। इस बीच, पीड़ित लड़की अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

फर्जी दस्तावेज से 3.61 लाख रुपए की ठगी

उल्हासनगर. उल्हासनगर शहर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. जहां प्रेम शर्मा नामक युवक ने फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल कर एक कमरा किसी तीसरे पक्ष को बेच दिया। इस मामले में कार्तिक बेनवाल से 3 लाख 61 हजार रुपये की ठगी की गई।

उल्हासनगर कैंप क्रमांक 1 के बैरक क्रमांक 424, कमरा क्रमांक 5 में राजेश वतयानी की संपत्ति होने की जानकारी होने पर आरोपी प्रेम शर्मा ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर एजेंट को उक्त संपत्ति बेचने को कहा। इस दौरान एजेंट मुकेश ने संपत्ति देखी और कैंप नंबर 1 इलाके में रहने वाले कार्तिक बेनवाल से संपर्क किया। इस दौरान एजेंट कार्तिक, बेनवाल और प्रेम शर्मा के बीच मीटिंग हुई। इस मीटिंग में उक्त कमरे का सौदा 12 लाख 61 हजार रुपए में तय हुआ।

कार्तिक ने 3 लाख 61 हजार रुपए नकद चुकाए। जब कमरा देने की बारी आई तो कमरे का मालिक अचानक सामने आया और बोला कि हमने यह प्रॉपर्टी किसी को नहीं बेची है। उस समय कार्तिक को एहसास हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है। अब इस बारे में उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में आरोपी प्रेम शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है.

वाहन चालकों से सुरक्षित ड्राइविंग की अपील

उल्हासनगर. इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में अलग अलग जगह सैकड़ों वाहन चालकों को अपनी जान गंवानी पड़ी है.

नए वर्ष में वाहन चालक नियमों का पालन कर वाहन चलाए तथा नए साल का जश्न सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मनाए इस संदेश के लक्ष्य को लेकर विठ्ठलवाड़ी ट्रैफिक पुलिस के माध्यम से जनजागृति अभियान चलाया गया. नववर्ष की पूर्व संध्या पर विठ्ठलवाडी ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुखदेव पाटिल की विशेष उपस्थिति में श्रीराम चौक पर एक विशेष जनजागृति अभियान चलाया. इस अवसर पर पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि वे नशे में वाहन न चलाएं और हर हाल में यातायात नियमों का पालन करें.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास

संपादकीय

इतिहास का सबसे बुरा विमान हादसा

दक्षिण कोरिया में हुए विमान हादसे से एक बार फिर यही रेखांकित हुआ है कि तकनीकी मामलों में मानवीय स्तर पर हुई मामूली चूक भी एक बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है। वहां रविवार को मुआन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरते वक्त एक विमान हादसे का शिकार हो गया और उसमें आग लग गई। जेजू एअर का यह विमान बैंकाक से दक्षिण कोरिया वापस आ रहा था और इसमें चालक दल के छह सदस्यों सहित कुल एक सौ इक्यासी लोग सवार थे। इनमें एक सौ उन्यासी लोगों की जान चली गई और मलबे में फंसे चालक दल के सिर्फ दो सदस्यों को जिंदा निकाला जा सका।

हादसे के कारणों का नहीं चला पता

अब तक हादसे के कारणों की जांच चल रही है। असली वजह बाद में ही सामने आएगी, लेकिन अब तक आ सकी खबरों के मुताबिक संभवतः मौसम खराब होने और किसी पक्षी के टकराने से उतरने की प्रक्रिया में विमान ने संतुलन खो दिया और हवाईपट्टी से फिसल कर दीवार से जा टकराया। कारण जो हो, आपात स्थिति से सही तरीके से निपट पाने में प्रबंधकीय चूक की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी।

हालांकि दक्षिण कोरिया की विमान सेवाओं को दुनिया की सबसे सुरक्षित सेवाओं में माना जाता है, मगर मुआन में हुई दुर्घटना को वहां के इतिहास के सबसे बुरे हादसों में से एक बताया जा रहा है। यह साफ है कि बहुत कुछ अचानक पैदा हुई परिस्थितियों पर निर्भर करता है। इसका सामना करने में संपूर्ण कौशल ही यह सुनिश्चित करता है कि किसी विमान सेवा के सुरक्षित होने का स्तर क्या है। पिछले कुछ समय में लगातार ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें किसी तकनीकी गड़बड़ी की वजह से कोई विमान हादसे का शिकार हो गया या फिर उसे आपात स्थिति में उतारा गया।

ऐसी घटनाओं को हादसे के रूप में दर्ज किया जाता है, जबकि विमान सेवा में सबसे जरूरी पहलू यही है कि उसमें हर स्तर पर, सौ फीसद सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने के बाद ही किसी विमान को यात्रियों को अपने गंतव्य पर ले जाने की इजाजत होनी चाहिए। मुआन हवाईअड्डे पर हुए हादसे ने एक फिर सावधानी और सुरक्षा के तकाजों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत रेखांकित की है।

2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

भू-राजनीतिक चुनौतियों से उत्पन्न आपूर्ति श्रृंखला और कच्चे तेल के दामों में आई तेजी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था 2024 में विश्व की सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रही है। तकनीकी प्रगति, प्रौद्योगिकी, बैंकिंग, नवीकरणीय ऊर्जा और आत्मनिर्भर भारत जैसे नीतिगत उपायों से भारत वैश्विक आर्थिक क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत रखने में सफल रहा है।

मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार और विदेशी निवेश के रिकार्ड प्रवाह ने भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए इंजन का कार्य किया है तो बढ़ती मुद्रास्फीति, घटता उपभोग, वित्तीय ऋण और जीडीपी वृद्धि पूर्वानुमानों में कमी ने बड़ी चिंताएं भी पैदा की हैं। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र का दर्जा दिलाने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए वर्तमान आर्थिक स्थितियों में वर्ष 2025 की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

निवेश, उपभोग और ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले सुधार वर्ष 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार तैयार करेंगे। दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के कारण वर्ष 2025 में भी घरेलू मांग में मजबूत निरंतरता बनी रहेगी। शहरी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों की मांग में भी सकारात्मक रुझान दिखाई दे रहा है।

जून 2024 में भारत की जीडीपी में निजी अंतिम उपभोग व्यय 57.9 प्रतिशत से बढ़कर 60.4 प्रतिशत हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता वस्तुओं की मांग 2.2 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 6.2 प्रतिशत हो गई। सांख्यिकी मंत्रालय के अनुसार मासिक प्रति व्यक्ति व्यय में शहरी-

ग्रामीण अंतर वित्त वर्ष 2011-12 में 84 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 71 प्रतिशत हो गया। यह 2023-24 में और घटकर 70 प्रतिशत हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग वृद्धि से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में असमानता कम हुई है।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही यानी जुलाई-सितंबर में आम चुनावों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पहली तिमाही की 6.7 प्रतिशत वृद्धि के मुकाबले धीमी है। तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था पुनः बढ़ने का अनुमान है। क्रिसिल की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से सात प्रतिशत के बीच रह सकती है। इसका प्रमुख कारण यह है कि भारत के पास अभी कार्यशील युवाओं की सबसे बड़ी फौज है।

25 से 54 आयु वर्ग की महिलाओं के बीच श्रम बल भागीदारी दर में भी वृद्धि हुई है। हालांकि उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना और मेक इन इंडिया अभियान सहित अनेक सरकारी प्रोत्साहनों के बावजूद विनिर्माण क्षेत्र अपेक्षित लाभ लेने में सफल नहीं रहा है। इसके लिए विनिर्माण क्षेत्र की दीर्घकालिक प्रकृति पर अधिक ध्यान देते हुए संरचनात्मक सुधारों की दिशा में बढ़ना होगा।

नीति निर्माताओं को निवेश में विविधता लाने पर ध्यान देना होगा, क्योंकि अभी तक निवेश स्टील, मशीनरी, केमिकल्स जैसे भारी उद्योगों में ही अधिक रहा है। विविध उद्योगों को बढ़ावा मिलने से घरेलू मांग में भी तेजी से वृद्धि होगी। नवाचार संस्कृति, अकादमिक-उद्योग साझेदारी और वैश्विक बाजार पहुंच का विस्तार करके भारत 2025 में स्वयं को वैश्विक नवाचार पावर हाउस में बदल सकता है।

वर्ष 2024 में सेंसेक्स और निफ्टी के रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंचने से भारत का वित्तीय बाजार वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया था। यह तेजी 2025 में भी बनी रह सकती है, इसके लिए विदेशी मुद्रा बाजार में स्थायित्व पर काम करते हुए अपनी वस्तुओं के निर्यात को बढ़ाने पर अधिक काम करना पड़ेगा। साथ ही निवेशकों का भरोसा बनाए रखने के लिए राजकोषीय अनुशासन पर विशेष ध्यान देना होगा।

वर्ष 2025 में सरकार की प्राथमिकता मौद्रिक नीति में मामूली ढील द्वारा मुद्रास्फीति के दबाव को घटाने की भी होगी। पूंजी निर्माण को प्रोत्साहन मिलने से निम्न एवं मध्य आय वर्ग की क्रय शक्ति को बढ़ावा मिलेगा। जन धन, आधार और मोबाइल के तहत खोले गए खातों में 2.32 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रकम जमा है। वर्तमान में ई-लेनदेन बढ़कर 134 अरब रुपये हो गया है, जो सभी वैश्विक डिजिटल भुगतानों के 46 प्रतिशत के बराबर है।

ध्यानाभ्यास के द्वारा,
हम प्रभु रूपी महासागर को
अपनी आत्मा रूपी बूंद में महसूस
कर सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

डोनाल्ड ट्रंप के ऑर्डर होते ही होगी बल्ले-बल्ले

आव्रजन नीति को लेकर नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रुख बदल गया दिखता है। निश्चित तौर पर भारत से वहां गए लोगों के लिए यह राहत की बात है। हालांकि इस मसले पर ट्रंप के समर्थकों का एक समूह उनका विरोध कर रहा है। दरअसल, ट्रंप ने एच1बी वीजा को बरकरार रखने पर सहमति दे दी है। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने इस पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसे लेकर विवाद छिड़ गया था। इस बार भी चुनाव अभियान के दौरान उन्होंने अमेरिका प्रथम की नीति पर आगे बढ़ने और आव्रजन नीतियों को कड़ा बनाने का मुद्दा उठाया था। मगर भावी ट्रंप प्रशासन में शामिल किए गए उद्योगपति एलन मस्क और भारतीय मूल के तकनीकीविद विवेक रामास्वामी ने इस पर प्रतिबंध लगाने का विरोध कर दिया।

खबरों के मुताबिक, मस्क ने तो यह भी कह दिया कि वे एच1बी वीजा को बचाए रखने के लिए युद्ध तक करने को तैयार हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रपति चुनाव अभियान में मस्क खुल कर ट्रंप के समर्थन में रहे। उनका कहना है कि एच1बी खत्म होने से कंपनियों के लिए बाहर से कुशल तकनीशियनों और विशेषज्ञों को लाना संभव नहीं हो पाएगा। रामास्वामी ने भी तर्क दिया कि इससे न केवल कंपनियों, बल्कि अमेरिका का भी बड़ा नुकसान होगा।

एच1बी पर प्रतिबंध लगने से सबसे अधिक भारतीय नागरिकों के सामने संकट पैदा हो सकता था। अमेरिका हर साल करीब पैंसठ हजार कुशल तकनीशियनों, चिकित्सकों आदि की भर्ती करता है, जिसमें से करीब पैंतालीस

हजार भारतीय होते हैं। यानी हर दस में से सात विशेषज्ञ भारतीय होता है।

हाल ही में आई एक रपट के मुताबिक अमेरिका में करीब सवा तीन लाख भारतीय विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। एच1बी वीजा उन्हीं लोगों को दिया जाता है, जिन्हें कंपनियां अपनी जरूरत के मुताबिक भर्ती करती हैं। इस वीजा की अवधि तीन साल की होती है और जरूरत पड़ने पर उसे और तीन साल के लिए बढ़ाया जा सकता है।

अमेरिका में रह रहे बहुत सारे विशेषज्ञ इसी वीजा के तहत गए हैं। ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में जब इस वीजा पर प्रतिबंध लगा दिया, तो लाखों विशेषज्ञों और पेशेवरों के सामने संकट पैदा हो गया था। इस दृष्टि से बेशक दबाव में ट्रंप ने अपना रुख बदल लिया है, अमेरिका में बेहतर भविष्य की तलाश करने वाले हजारों भारतीयों के लिए यह बहुत राहत की बात है।

दरअसल, राजनेता नीतियों में बहुत सारे बदलाव अपना जनाधार बढ़ाने के मद्देनजर कर लेते हैं। एच1बी वीजा को लेकर ट्रंप का रुख भी कुछ वैसा ही था। जब वे पहली बार राष्ट्रपति चुनाव लड़े थे, तब भी विदेशी नागरिकों, खासकर भारतीय मूल के लोगों पर निशाना साधते हुए अमेरिकी युवाओं को भरोसा दिलाया था कि वे बाहरी लोगों से छीन कर उनका हक वापस करेंगे। इसका नतीजा यह हुआ कि अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के लोगों पर नस्लवादी हमले बढ़ गए थे। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि किसी भी देश को गैरकानूनी तरीके से घुसपैठ करने वालों को लेकर चिंतित होना चाहिए। मगर एच1बी वीजा गैरकानूनी गतिविधि को बढ़ावा नहीं देता। अगर इस पर प्रतिबंध लगता, तो उसका खमियाजा वहां की कंपनियों को भुगतना पड़ता। सच्चाई यही है कि अब भी अमेरिका में इतने कुशल तकनीशियन और दूसरे पेशेवर नहीं हैं कि वहां की कंपनियां उनके भरोसे अपना कारोबार चला सकें। इस लिहाज से ट्रंप प्रशासन के नए रुख से न केवल भारतीय युवाओं, बल्कि अमेरिकी कंपनियों को भी राहत मिलेगी।

जमीन की खुदाई में मिली 'दूसरी दुनिया'

कई बार कुछ चीज़ें यूं ही सामने आ जाती हैं, जिनके बारे में हमें पहले से कल्पना ही नहीं होती है. कुछ

जरा हट के

ऐसा ही हुआ जब एक दक्षिणी मैक्सिको के पीएचडी स्टूडेंट को गूगल सर्च करते हुए कुछ ऐतिहासिक मिल गया. उसे चीन के मैरिटाइम सिल्क रोड की शुरुआत में ही कुछ प्राचीन शहर जैसा दिखाई दिया. जब इस जगह की खुदाई की गई, तो यहां जो कुछ था, वो पुरातत्व विभाग के लिए किसी आश्चर्य से कम नहीं था. द सन की रिपोर्ट के मुताबिक चीन के दक्षिण पूर्वी हिस्से में मौजूद सिटी ऑफ गुइलिन में ये गोंगशेंग याओ काउंटी मौजूद है, जहां पर ये द नियुलुचॉन्ग साइट मौजूद है. इसे पहली बार साल 2022 में एक बिल्डर ने ढूंढा था, जब उसे खुदाई में कुछ पैटर्न्ड ईंटें और टूटे हुए बर्तन यहां से मिले थे. हालांकि इस बार वहां से जो मिला है, वो पूरे शहर का सेटअप है.



इस प्रोजेक्ट की लीडर हे एन्यी ने बताया कि उन्हें खुदाई में डबल सिटी दीवारें और उसके आस-पास खाई हैं. नियुलुचॉन्ग में इस तरह का प्राचीन सेटअप लगभग 165 मीटर लंबा और 140 मीटर चौड़ा है. ये पूरा इलाका 23,100 वर्गमीटर में फैला हुआ है. शहर कि उत्तरी और पश्चिमी दीवारें अच्छी स्थिति में हैं. पुरातत्ववेत्ताओं ने यहां के आकर्षक सांस्कृतिक अवशेष निकाले हैं, जिनमें बर्तन और पत्थरों के उपकरण मौजूद हैं. राख के गड्ढे और खंभों के गड्ढे मौजूद हैं. इसे लिंगनान इलाके से जोड़कर देखा जा रहा है, जो इस वक्त का गुआंग्शी, गुआंगडॉन्ग और हैनान प्रोविंस है. हे एन्यी के मुताबिक लिंगनान इसलिए भी अहम है क्योंकि ये मैरिटाइम सिल्क रोड का शुरूआती प्वाइंट है. इस नई खोज पर अब भी टीम अपनी रिसर्च जारी रखेगी. यहां पर पुराने अनाज भी मिले हैं और कुछ पीतल या तांबे के हथियार भी. टेक्नोलॉजी की मदद से अब कुछ पुराने शहर सामने आ रहे हैं, जो इतिहास में दफन हो गए थे. अक्तूबर में 18वीं सदी का पुराना शहर अमेजन के जंगलों में मिला, जिसके बारे में किसी को नहीं पता था. लिडार टेक्नोलॉजी और जनजातियों की मदद से आर्कियोलॉजिस्ट्स ने इसे ढूंढ निकाला था.

बुखार आने पर कब लेनी चाहिए दवाई?

■ बच्चों के मामले में न करें ये चूक

बुखार किसी भी वजह से आ सकता है। ठंड के मौसम में जुकाम और बुखार की समस्या से ज्यादातर लोग जूझ रहे हैं। शरीर का नॉर्मल तापमान लगभग 37 डिग्री सेल्सियस होता है। जिसमें दिन और रात के समय उतार-चढ़ाव भी हो सकता है। बुखार आने पर शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो जाता है। इस समस्या से निपटने के लिए लोग तुरंत दवाई लेना पसंद करते हैं। दवाई लेकर समस्या से आराम भी फटाफट मिल जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर बुखार आता क्यों हैं और इससे निपटने के लिए कब दवाई लेनी चाहिए? नहीं, आइए इस आर्टिकल से जानते हैं बुखार की दवाई आखिर कब लें।

■ क्यों आता है बुखार?

डॉ.शिव कुमार सरीन ने बताया



कि किसी भी तरह के इंफेक्शन या इंजरी की प्रतिक्रिया के कारण बुखार आता है। इसका मतलब ये नहीं है कि आप बहुत बीमार हैं या परेशान है। बुखार शरीर के लिए रक्षात्मक प्रतिक्रिया है।

■ कब लेनी चाहिए दवाई?

एक्सपर्ट कहते हैं कि 102 से ज्यादा बुखार होने पर ही दवाई लेनी चाहिए। 102 तक थोड़ी ठंडी पट्टी रखकर बुखार को कम कर सकते हैं। शरीर साइटोकाइन का उत्पादन करता है। एक सेल से दूसरे सेल से बात करने का तरीका साइटोकाइन है। ऐसे में डॉक्टर कहते हैं कि अगर बुखार 102 से नीचे है तो चिंता करने की जरूरत नहीं है। हर समस्या के होने पर एंटीबायोटिक न लें।

■ क्यों न लें एंटीबायोटिक

एंटीबायोटिक शरीर बैड बैक्टीरिया को तो मारते ही हैं, साथ ही गुड बैक्टीरिया को भी खत्म कर देते हैं। और फिर महीनों तक समस्या हो सकती है।

रोग अनेक, उपाय एक : जीरा

■ नींद की समस्या का समाधान

जीरा पानी आपकी नींद की समस्या को दूर कर सकता है. यह न केवल आपको जल्दी सोने में मदद करेगा, बल्कि आपकी नींद की क्वालिटी को भी सुधार देगा. आप फ्रेश और रिफ्रेश महसूस करेंगे.

■ पाचन के लिए लाभकारी

लोकल 18 से बात करते हुए डॉक्टर रंजीत दत्ता ने कहा, "हर सुबह एक गिलास जीरा पानी पीना चाहिए क्योंकि यह पाचन को बेहतर करता है और डायरिया, मतली, और गैस जैसी समस्याओं से बचाता है."

■ दिमागी ताकत बढ़ाने में सहायक

साबुत जीरे का सेवन ब्रेन पावर बढ़ाने में मदद करता है. यह आपकी याददाश्त की क्वालिटी को भी आसानी से सुधार देता है.

■ त्वचा के लिए वरदान

जीरा पानी में मौजूद फ्री रेडिकल्स त्वचा को साफ रखने में मदद करते हैं और त्वचा पर नेचुरल ग्लो लाते हैं. यह एक्ने को ठीक करने का भी प्रभावी तरीका है.

■ टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मददगार

जीरा पानी एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जो शरीर से विषाक्त पदार्थों (toxins) को बाहर निकालता है और आंतरिक अंगों को सही तरीके से काम करने में मदद करता है. यह खासतौर पर लीवर के लिए फायदेमंद है.

राजभोग श्रीखंड

अगर आप भी इस जाते हुए साल में अपने रिश्तों में मिठास घोलना चाहते हैं तो ट्राई करें ये डेजर्ट रेसिपी राजभोग श्रीखंड। बता दें, राजभोग श्रीखंड गुजरात और महाराष्ट्र में काफी लोकप्रिय है।

सामग्री :

- 20-25 केसर के धागे
- 2 बड़े चम्मच गर्म दूध
- 500 ग्राम दही
- कप पिसी हुई चीनी
- 1 चम्मच पिसी हुई इलायची
- कप कतरे हुए मेवे
- 2 बड़े चम्मच टूटी फ्रूटी

बनाने का तरीका :

राजभोग श्रीखंड बनाने के लिए सबसे पहले केसर वाला दूध बनाकर तैयार कर लें। इसके लिए केसर को दूध में 3-4 घंटे के लिए भिगोकर रख दें। अब एक गाढ़ा दही तैयार करने के लिए एक बड़े कटोरे के ऊपर एक महीन जाली वाली छलनी रखकर उसके ऊपर मलमल का कपड़ा, चीजक्लॉथ

बिछा दें। तरल इकट्ठा करने के लिए कटोरे के तले और छलनी के तले के बीच कुछ जगह होनी चाहिए। अब छलनी में दही डालकर किनारे पर लटके कपड़े से दही को ढक दें। अब दही से एक्स्ट्रा पानी निकालने के लिए दही वाले कटोरे को 24 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। ऐसा करने से आपके पास गाढ़ा मलाईदार दही आ जाएगा।

अब दही से श्रीखंड बनाने के लिए सबसे पहले गाढ़े दही को एक मिक्सिंग बाउल में डालकर उसके साथ पिसी हुई चीनी, पिसी इलायची और दूध में भिगोया हुआ केसर डालकर सभी चीजों को एक साथ तब तक फेंटें जब तक वह मलाईदार न हो जाए। अब बाउल में मेवे और टूटी फ्रूटी डालकर उन्हें भी अच्छी तरह मिला लें। अब श्रीखंड को 2-3 घंटे के लिए ठंडा करने के लिए रख दें ताकि इसमें डाली गई चीजों का स्वाद अच्छी तरह एक दूसरे के साथ मिल जाए। अब इसे सर्विंग बाउल में निकालकर कटे हुए सूखे मेवों से सजाकर सर्व करें। आप इस श्रीखंड रेसिपी को एयरटाइट कंटेनर में रखकर रेफ्रिजरेटर में 2 सप्ताह तक स्टोर करके रख सकते हैं।

खाना-खजाना

नए साल पर हर मां-बाप खुद से जरूर करें ये 5 वादे

नया साल आते ही सबसे पहले मन में यही ख्याल आता है कि अब किसी बेहतर चीज की शुरुआत होने वाली है। लोग बीते साल के उतार-चढ़ाव, गलतियां या रह गई सुधार की गुंजाइश को भूलकर एक नई शुरूआत की ओर बड़े उत्साह और आशा के साथ कदम बढ़ाते हैं। खुद से इस साल कुछ बेहतर करने के वायदे और संकल्प लेते हैं। अगर आप एक पैरेंट्स हैं तो जाहिर है अपने बच्चे के सफल और उज्ज्वल भविष्य से जुड़े आपने कई सपने बुने होंगे। आपको ये बात भी पता ही होगी कि आपकी परवरिश आपके बच्चे के भविष्य को संवारने में सबसे ज्यादा अहम भूमिका निभाने वाली है। तो ऐसे में क्यों ना नए साल पर आप भी खुद से कुछ वायदे करें। बच्चों को और बेहतर इंसान बनाने और जीवन में सफलता की ओर बढ़ाने के लिए जिम्मेदार पेरेंट की भूमिका निभाएं।

■ बच्चों की भावनाओं का करेंगे सम्मान

पैरेंट्स और बच्चों के बीच एक अंतर कई बार इस वजह से भी रह जाता ही क्योंकि पैरेंट्स बच्चों की भावनाएं समझने में कहीं ना कहीं नाकामयाब रहते हैं। वो हर चीज को अपनी उम्र, अपने तजुर्बे से नापते हैं लेकिन कभी बच्चे की उम्र और उसकी भावनाओं का ख्याल नहीं करते। ऐसे में जाहिर है बच्चे अपने दिल की कई बातें पैरेंट्स के साथ शेयर करने से बचते हैं और इसी का फायदा कई बार कोई बाहर वाला भी उठा लेता है। इसलिए इस साल खुद से वायदा करें कि आप बच्चे की फीलिंग्स को समझने की पूरी कोशिश करें। उसके करीब आएंगे और एक दोस्त की तरह उसकी बिना जज किए सही रास्ता दिखाने की कोशिश करेंगे।

■ बच्चों संग बिताएंगे क्वालिटी टाइम

आज के बिजी लाइफस्टाइल में किसी के पास भी सुकून से अपनी फैमिली के साथ दो पल बैठने का भी समय नहीं है। करियर की दौड़ ही ऐसी है कि उसके आगे बाकी सब चीजें कहीं ना कहीं पीछे छूटती जा रही हैं। करियर गोल्स रखना कोई बुरी बात नहीं लेकिन एक पेरेंट होने के नाते आपका कुछ कर्तव्य अपने बच्चों के लिए भी बनता है। इस साल खुद से वादा करें कि आप अपने बच्चों के साथ ज्यादा से ज्यादा क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे। इससे आपका अपने बच्चों के साथ बॉन्ड और मजबूत होगा। साथ ही, वो आगे चलकर एक कॉन्फिडेंट और मेंटली स्ट्रांग इंसान बनेंगे।

■ बच्चों की मानसिक और शारीरिक सेहत का रखेंगे ध्यान

आजकल बच्चों का लाइफस्टाइल काफी ज्यादा खराब होता जा रहा है। खानपान से ले कर दिन भर की एक्टिविटीज ऐसी हैं जो मेंटल और फिजिकल हेल्थ दोनों के लिए ही अच्छी नहीं हैं। पैरेंट्स भी अपने बिजी लाइफस्टाइल के चलते अक्सर इन बातों को नजरंदाज कर देते हैं। ऐसे में इस साल यह संकल्प लें कि आप अपने बच्चे के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को बेहतर बनाने की ओर कदम बढ़ाएंगे। उनके खानपान का ध्यान देंगे साथ ही उनकी दिनचर्या में ध्यान, वर्कआउट, आउटडोर गेम्स जैसी चीजें शामिल करेंगे जो उन्हें एक बेहतर और स्वास्थ्य इंसान बनने में मदद करेंगी।

■ बच्चों के लिए बनेंगे उदाहरण

आपने वो कहावत तो सुनी ही होगी कि बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं। उन्हें जिस आकार में ढाल दिया जाए, वैसे ही ढल जाते हैं। उन्हें हर बात सिखाने की भी जरूरत नहीं होती क्योंकि काफी सारी बातें वो आपको देखते-देखते ही सीख जाते हैं। ऐसे में इस साल खुद से ये वादा करें कि आप बच्चों के लिए एक मिसाल बनेंगे। जो अच्छी आदतें आप अपने बच्चे में देखना चाहते हैं उन्हें पहले खुद अपने जीवन में उतारेंगे। ऐसा करने से बच्चों पर भी इसका सकारात्मक असर देखने को मिलेगा।

■ बेहतर ढंग से ऑर्गेनाइज करेंगे बच्चों का टाइम टेबल

बच्चों को कामयाब बनाना है तो उनका टाइम टेबल सही ढंग से ऑर्गेनाइज होना बहुत जरूरी है। एक जिम्मेदार पेरेंट होने के नाते कुछ देर बच्चों के साथ बैठें। उनकी सलाह लें, उनका स्टडी रूटीन देखें, सिलेबस देखें और एक डिटेल्ड टाइम टेबल बनाकर तैयार करें। ध्यान रखें कि उस टाइम टेबल में केवल पढ़ाई-लिखाई शामिल कर के उसे बच्चों के लिए बोझिल ना बनाएं। बल्कि उसमें खेलने-कूदने के लिए भी पर्याप्त समय रखें। इससे बच्चों की हॉलिस्टिक ग्रोथ होगी और साथ ही उन्हें बचपन से ही ऑर्गेनाइज तरीके से जीने की हैबिट हो जाएगी।

आज का राशिफल

मेष : आज रोजगार में अच्छी वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से बचें।

वृषभ : व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार ठीक चलेगा। आय होगी। विवेक का प्रयोग करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन : धन के बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रशंसा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें।

कर्क : आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

सिंह : तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। ध्यान रखें।

कन्या : वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। व्यापार ठीक चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें।

तुला : शत्रुओं का पराभव होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें।

वृश्चिक : संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी। धन के संबंध में मित्रों की सहायता कर पाएंगे।

धनु : मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

मकर : व्यापार में लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। दूर से शोक संदेश मिल सकता है। बाहरी विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

कुंभ : मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। अनुकूलता का लाभ लें। धनार्जन होगा।

मीन : आज पुराने साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। बाहरी क्षेत्र में नए मित्र बनेंगे। व्यापार में अच्छी खबर मिलेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

खबरें गांव की...

बसपा के पूर्व मंत्री रामलखन वर्मा के बेटे ने नशे में काटी नस, पुलिस ने ऐसे बचाई जान

लखनऊ. लखनऊ में बसपा सरकार में पूर्व मंत्री रामलखन वर्मा के बेटे उपकार सिंह ने नशे की हालत में आत्महत्या करने की कोशिश की। हालांकि पुलिस की तत्परता से उनकी जान बच गई। घटना डालीबाग इलाके में स्थित पूर्व मंत्री के आवास की है। जानकारी के मुताबिक, उपकार सिंह पटेल ने घर के भीतर खुद को बंद कर लिया और हाथ की नस काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की। इस दौरान, हजरतगंज थाने के इंस्पेक्टर विक्रम सिंह को इसकी सूचना मिली जिसके बाद तुरंत पुलिस टीम के साथ रवाना हुए। पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और उपकार सिंह को बातों में उलझाकर दरवाजा तोड़ा। समय रहते उनकी जान बचा ली गई। उन्हें घायल अवस्था में सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि उपकार सिंह ने नशे की हालत में यह कदम उठाया। पुलिस की सक्रियता और तत्परता से पूर्व मंत्री के बेटे की जान बचाई जा सकी।

भाभी पर अवैध संबंधों का शक, देवर ने सबक सिखाने के लिए दो साल के भतीजे को काट डाला

लखीमपुर खीरी. लखीमपुर खीरी से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां सोमवार दोपहर एक कलयुगी चाचा ने 2 साल के भतीजे की बांके से काटकर हत्या कर दी। फिर खून से सना बांका लेकर थाने पहुंच गया और सारी सच्चाई बता दी। युवक की बात सुनकर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उसे हिरासत में ले लिया। उसकी निशानदेही पर कस्बे से दो किलोमीटर दूर खेत से बच्चे का शव बरामद किया गया।

ग्रामीणों के मुताबिक भाभी पर अवैध संबंधों का शक था। ये घटना निघासन थाना क्षेत्र का है। इंद्रपुरी के रहने वाले कौशल ने बताया कि उसका छोटा भाई अनिल का कई दिनों से उससे झगड़ा कर रहा था। अनिल सोमवार दोपहर उसके 2 साल बेटे हिमांशु को बिस्कुट दिलाने के बहाने बहलाकर ले गया और उसकी हत्या कर दी। इसके बाद जब कौशल ने अनिल को फोन किया तो उसने बच्चे की हत्या कर देने की बात कही। कौशल के थाने पहुंचने से पहले आरोपी अनिल खुद खून से सना बांका लेकर निघासन थाने पहुंच गया। थाने में उसने भतीजे हिमांशु की बांके से काटकर हत्या किए जाने की बात स्वीकार की।

शादी के आठ महीने बाद दंपती की मौत, बिस्तर पर पत्नी; फंदे से लटकता मिला पति का शव

आगरा. आगरा के थाना बाह क्षेत्र के गांव बिजौली में सोमवार को शादी के आठ महीने बाद ही दंपती की संदिग्ध हालात में मौत हो गयी। विवाहिता का शव बिस्तर पर पड़ा था। जबकि उसके पति का शव फंदे पर लटका मिला। विवाहिता के सिर पर चोट के निशान थे। दंपती के शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मामले की जांच कर रही है। इसी साल अप्रैल में बिजौली के धीरज (24) की शादी फतेहाबाद के चमरपुरा गांव की किरन (20) के साथ हुई थी। धीरज बेलदारी करता था। धीरज और उसकी पत्नी किरन छत पर बने कमरे में रहते थे। जबकि बड़े बेटे राजेश की पत्नी अपनी सास गुड्डी देवी के साथ नीचे कमरे में रहती है। सास गुड्डी देवी ने पुलिस को बताया कि धीरज और किरन रविवार रात को खाने के बाद सोए थे।

मुंबई-नागपुर हाईवे पर 50 से ज्यादा कार-ट्रक पंचर हुए

- रात भर जाम लगा रहा;
- गाड़ियां लोहे के बोर्ड पर से निकल रही थीं

महाराष्ट्र के मुंबई-नागपुर समृद्धि हाईवे पर 50 से ज्यादा कार-ट्रक और अन्य गाड़ियां पंचर हो गईं। इससे हाईवे पर लंबा जाम लग गया और लोग रात भर फंसे रहे। दरअसल, रोड पर लोहे का बोर्ड का पड़ा था, जिसके ऊपर से ये गाड़ियां निकलती रहीं और पंचर हो गईं।

घटना 29 दिसंबर को रात करीब 10 बजे वाशिम जिले के मालेगांव और वनोजा टोल प्लाजा के बीच हुई। यहां से गुजर रहे कार और ट्रक अचानक से पंचर होने लगे। पुलिस ने कहा कि बोर्ड गलती से गिरा या जानबूझकर फेंका गया, इसकी

जांच की जा रही है।

रोज एवरेज 3 एक्सीडेंट होते हैं

समृद्धि हाईवे के हाई-स्पीड कॉरिडोर की सेफ्टी पर लंबे समय से सवाल उठ रहे हैं। दिसंबर 2022 में हाईवे शुरू होने के बाद से अब तक एक्सप्रेस वे पर 1300 से ज्यादा एक्सीडेंट हुए हैं, जिनमें 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। एक्सप्रेस वे पर हर दिन एवरेज 3 एक्सीडेंट होते हैं।

जून में हाईवे पर कदवांची गांव के पास 2 कारों के बीच हुई टक्कर में 6 लोगों की मौत और 4 घायल हो गए थे। जुलाई 2023 में एसी स्लीपर बस में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी।

कोहरे की चपेट में UP-राजस्थान

- शीतलहर को लेकर IMD का अलर्ट
- 1 जनवरी को कैसा रहेगा मौसम

नई दिल्ली. उत्तर भारत में सर्दियों का प्रकोप अपने चरम पर है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में ठंड ने जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। बीते 24 घंटों में घने कोहरे और शीतलहर

की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। वहीं साल के पहले हफ्ते में कुछ राज्यों में पश्चिमी विक्षोभ के चलते बारिश के आसार नजर आ रहे हैं। आइए जानते हैं देश के अलग-अलग राज्यों में कैसा रहेगा मौसम का हाल।

पिछले 24 घंटों का हाल

पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में ठंड के प्रकोप से कई इलाकों में 'कोल्ड डे' और 'सीवियर कोल्ड डे' जैसी कंडीशन देखी गई। वहीं हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में शीतलहर ने जनजीवन ठप कर दिया। दिल्ली-एनसीआर में दिन के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। न्यूनतम तापमान कई स्थानों पर सामान्य से 2-4 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

जयपुर में गैस रिसाव से मचा हड़कंप

जयपुर. जयपुर में गैस लीक होने से हड़कंप मचने की खबर सामने आई है। घटना एक गैस फिलिंग प्लाट में गैस के रिसने के कारण हुई है। इससे आसपास के हिस्से में सफेदी की चादर जम गई है। गैस लीक होते ही चारो तरफ अफरा तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और मोर्चा संभाला। घटना शहर के विश्वकर्मा इलाके की रोड नंबर 18 पर स्थित गैस फिलिंग प्लांट में रिसाव का है। बताया जा रहा है कि प्लांट की टंकियों में कार्बन डाई ऑक्साइड गैस भरी थी।

सिकंदराबाद-पुणे एक्सप्रेस को उड़ाने की साजिश

- पटरी पर रखा गैस से भरा सिलेंडर
- इमरजेंसी ब्रेक लगाने पड़े

सिकंदराबाद. सिकंदराबाद-पुणे एक्सप्रेस ट्रेन को हादसे का शिकार बनाने की नाकाम कोशिश का खुलासा हुआ है। पटरी पर गैस से भरा हुआ सिलेंडर मिलने से हड़कंप मच गया। सिकंदराबाद-पुणे एक्सप्रेस ट्रेन के लोको पायलट ने रविवार रात लगभग 10:45 बजे उरुली कंचन के पास ट्रैक बदलते समय एक 4 किलोग्राम का एलपीजी गैस सिलेंडर देखा। लोको पायलट ने तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को सिलेंडर से टकराने से बचा लिया।

इस घटना को लेकर उरुली पुलिस ने सोमवार को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचाने या रेल यात्रा को असुरक्षित बनाने के इरादे से की गई शरारत का मामला दर्ज किया है। पुलिस का मानना है कि सिलेंडर को जानबूझकर ट्रेन के गुजरने से कुछ मिनट पहले ट्रैक पर रखा गया था।

लोको पायलट आर. टी. वाणी और ट्रेन मैनेजर केतन रत्नानी ने

घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल (RPF), सरकारी रेलवे पुलिस (GRP) और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। आरपीएफ के कर्मचारी शरद वाल्के (38) ने सोमवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

उरुली कंचन पुलिस के निरीक्षक शंकर पाटिल ने बताया, ₹हमारा शक है कि सिलेंडर रखने वाले व्यक्ति का उद्देश्य ट्रेन और यात्रियों को नुकसान पहुंचाना था। सिलेंडर पूरी तरह से गैस से भरा हुआ था। हमने सिलेंडर के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है ताकि सिलेंडर लाने वाले व्यक्ति तक पहुंचा जा सके।₹ पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और स्थानीय निवासियों से भी पूछताछ की जा रही है।

भारतीय सेना में भर्ती को बेकरार नेपाली गोरखा

- नेपाल सरकार ने लगा रखी है रोक

नई दिल्ली. भारतीय सेना में गोरखा रेजिमेंट की गिनती हमेशा खूंखार और बहादुर रेजिमेंट में होती रही है। नेपाल के गोरखा भी बड़ी संख्या में इस रेजिमेंट का हिस्सा रहे हैं। इनका इतिहास 200 साल से भी पुराना है। हालांकि बीते कुछ सालों से नेपाल की सरकार ने अपने गोरखाओं की भारतीय सेना में भर्ती पर रोक लगा दी है। नेपाल के युवा गोरखा भारत की सेना का हिस्सा बनने को बेकरार हैं लेकिन किसा को बता नहीं कि अब यह रास्ता कब खुल पाएगा। दरअसल भारत सरकार ने जब से अग्निवीर योजना शुरू की है तब से ही नेपाल की सरकार ने अपने देश के युवाओं की भर्ती पर रोक लगा दी। इस तरह अगर नई भर्तियां नहीं शुरू हुईं तो अगले 10 साल में गोरखा रेजिमेंट में नेपाल का एक भी गोरखा नहीं बचेगा। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि नेपाल के गोरखाओं पर चीन की भी नजर है।

बता दें कि सिंगापुर पुलिस, ब्रिटिश सेना और भारतीय सेना में नेपाल के गोरखाओं की धड़ल्ले से भर्तियां होती थी। नेपाल की सेना में

वेतन कम होने की वजह से वहां के युवाओं को सपना होता है कि वे विदेशी सेना का हिस्सा बनें। भारत के लिए ब्रिटिश सरकार के समय से ही नेपाली सैनिक तैनात रहे हैं। वहीं कारगिल के युद्ध में नेपाली गोरखाओं ने अपनी ताकत का लोहा पाकिस्तान को भी मनवा दिया था। हालांकि अग्निपथ स्कीम के बाद नेपाल की सरकार ने भारतीय भर्ती रैली में नेपालियों के शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया।

अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक शिशर भट्टारी नाम के नेपाली युवा ने कहा, मैं भारतीय सेना में शामिल होना चाहता था। हालांकि जब मैं क्लास में पढ़ता था तब एक ब्रिटिश सैनिक आया था और उसने बताया कि वहां की सेना में किस तरह से निष्पक्ष तरीके से भर्तियां होती हैं। अब मैं ब्रिटिश सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा हूं। इससे पहले मेरा सपना भारतीय सेना में ही शामिल होने का था। उन्होंने कहा कि मेरे पूर्वजों ने भी भारतीय सेना में ही सेवा दी है।

यूक्रेन के बाद पुतिन का अगला टारगेट कौन

- बाल्टिक देशों में क्यों मची है खलबली?

मास्को. रूस-यूक्रेन के बीच पिछले करीब तीन साल से युद्ध जारी है। रूस यूक्रेन पर खतरनाक मिसाइलों और ड्रोनों से ताबड़तोड़ हमले कर रहा है और भीतरी इलाके तक यूक्रेनी ठिकानों को ध्वस्त कर रहा है। इस बीच उत्तरी यूरोप के देश और रूस के पश्चिमी पड़ोसी देश फिनलैंड और उसके पड़ोसी देशों को रूसी हमले का खतरा सता रहा है। फिनलैंड के अखबार 'इल्तालेहटी' ने कथित तौर पर सरकारी रक्षा रिपोर्ट और नाटो सूत्रों के हवाले से खुलासा किया है कि रूस फिनलैंड समेत अन्य बाल्टिक देशों और उसके आस-पास के देशों पर हमले शुरू करने की योजना बना रहा है। नाटो सूत्रों ने सदस्य देशों को मास्को के इन इरादों

के प्रति खबरदार किया है और खास चेतावनी दी है। हालांकि, ये हमले कब तक हो सकते हैं, इस बारे में कोई स्पष्ट समय-सीमा का उल्लेख नहीं किया गया है।

रिपोर्ट में रूस के पिछले पिछले सैन्य अभ्यासों का हवाला देते हुए कहा गया है कि मॉस्को ने 2017 में जैपैड सैन्य अभ्यास किया था। इस दौरान पुतिन की सेना ने नॉर्वे, फिनलैंड और बाल्टिक देशों पर हमलों का छद्म अभ्यास किया था। फिनिश अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस ने अपनी आक्रमण योजनाओं को अब तक नहीं छोड़ा है और इस बात की आशंका है कि यूक्रेन में युद्ध समाप्त होने के बाद रूस पश्चिमी किनारे पर बसे दूसरे देशों को अपना अगला टारगेट बना सकता है।

एक साथ हमले बोल सकता है रूस

अखबार ने नाटो सूत्रों के हवाले से ये भी लिखा है कि रूस नाटो के सदस्य देशों के पूर्वी हिस्से पर एकसाथ हमले की योजना बना सकता है। इसमें रूस की 14वीं सेना कोर शामिल हो सकती है जो समुद्र, जमीन और हवा से मरमंस्क से नॉर्वे के तट की ओर बढ़ रही है। इसके अलावा, रूस इवालो हवाई अड्डे पर कब्जा करने के लिए लैपलैंड (फिनलैंड का सबसे उत्तरी क्षेत्र) में सेना तैनात कर सकता है, और कोला प्रायद्वीप पर तैनात रूसी मिसाइल बल संभावित रूप से फिनलैंड को निशाना बना सकते हैं।

जो कुछ भी हुआ, उसके लिए सॉरी

मणिपुर हिंसा के लिए CM बीरेन सिंह ने मांगी माफी



इंफाल. मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने राज्य में बीते साल हुई घटनाओं पर गहरा अफसोस जताते हुए लोगों से माफी मांगी है। उन्होंने कहा, "यह पूरा साल बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। मुझे बहुत खेद है और मैं राज्य के लोगों से कहना चाहता हूं कि जो कुछ भी 3 मई से अब तक हुआ, उसके लिए मैं माफी मांगता हूं।" मुख्यमंत्री ने कहा कि इन घटनाओं में कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया, और कई लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। उन्होंने कहा, ₹मुझे इसका बहुत पछतावा है। मैं सभी से माफी मांगना चाहता हूं।

मुरादाबाद में गोकशी कर रहे युवक की मॉब लिंचिंग, मौत के बाद तनाव

- भारी फोर्स तैनात

मुरादाबाद. पश्चिम यूपी में मुरादाबाद के हिंदू बहुल मंडी समिति इलाके में एक मुस्लिम युवक की गोकशी के शक में पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। इससे इलाके में तनाव फैल गया है। पुलिस ने देर रात पोस्टमार्टम कराने के बाद मंगलवार सुबह भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच युवक के शव का उसके परिवार के सदस्यों द्वारा अंतिम संस्कार करा दिया है। कई मुस्लिम बहुल इलाकों में भी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मुरादाबाद मंडल के आयुक्त, औंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और किसी भी परेशानी को रोकने के लिए

आवश्यक पुलिस तैनाती की गई है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कुमार रणविजय सिंह ने कहा कि कुछ लोगों ने असालतपुरा इलाके के शाहीदीन (29) को सोमवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे मंडी समिति परिसर से पकड़ा था। आरोप है कि वह तीन लोगों के साथ गोकशी कर रहा था। गोहत्या से नाराज भीड़ ने पकड़े गए युवक की डंडों और रॉड से बुरी तरह पीटाई की। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मुरादाबाद जिला अस्पताल में सोमवार की रात उसकी मौत हो गई। रात में ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया और सुबह परिवार के साथ अंतिम संस्कार करा दिया गया।

एएसपी के अनुसार शाहीदीन के भाई गुड्डु की तहरीर पर मझोला पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या की धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि इससे पहले मृतक और मौके से भाग निकले तीन अन्य लोगों के खिलाफ गोहत्या की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उसे मौके से रंगे हाथों पकड़ा गया था और वहां से गाय का शव भी मिला था।

बावजूद बुमराह-रेड्डी का मेलबर्न में सम्मान

- MCG ग्राउंड के ऑनर्स बोर्ड में शामिल
- इस पर गावस्कर-सचिन-विराट के भी नाम

मेलबर्न टेस्ट में बड़ी हार के बावजूद ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट ने जसप्रीत बुमराह और नीतीश रेड्डी को सम्मानित किया है। बुमराह और नीतीश का नाम मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के ऑनर्स बोर्ड पर लिखा गया है।

BCCI ने मंगलवार को ऑनर्स बोर्ड पर बुमराह और रेड्डी का नाम लिखने का वीडियो जारी किया। 48 सेकंड के इस वीडियो में 21 साल के नीतीश रेड्डी ऑनर्स बोर्ड में अपना नाम देखते और इसकी फोटो खींचते दिखे। इस बोर्ड पर सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के नाम हैं। कपिल देव और अनिल कुंबले बोर्ड की बॉलर्स लिस्ट में हैं।

बुमराह ने मेलबर्न टेस्ट की दोनों पारियों में कुल 9 विकेट लिए। नीतीश रेड्डी ने पहली पारी में 114 रन की शतकीय पारी खेलकर भारत को फॉलोऑन से बचाया था। भारत को इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 184 रनों की करारी हार झेलनी पड़ी थी। इस हार के बाद भारतीय टीम 5 मैचों की सीरीज में 1-2 से पिछड़ रही है।

क्या है ऑनर्स बोर्ड?

किसी भी मैदान पर यादगार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ऑनर्स बोर्ड में शामिल किया जाता है, ताकि उनके प्रदर्शन को लंबे समय तक याद रखा जा सके। आमतौर पर मैदान पर शतक जमाने वाले बैटर्स और पारी में 5 विकेट या फिर 10 विकेट लेने वाले गेंदबाजों को इसमें जगह मिलती है।

नीतीश रेड्डी MCG के ऑनर्स बोर्ड में जगह बनाने वाले 11वें भारतीय बल्लेबाज है, जबकि बुमराह छठे गेंदबाज हैं।

चंद्रबाबू सबसे अमीर CM, संपत्ति 931 करोड़

- ममता 15 लाख के साथ सबसे गरीब CM
- 31 राज्यों-UT के मुख्यमंत्रियों की संपत्ति 1,630 करोड़

नई दिल्ली. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 15 लाख रुपए की संपत्ति के साथ सबसे गरीब हैं।

31 राज्यों और केंद्र शासित



प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपए, जबकि कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपए है। यह जानकारी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) की तरफ से 30 दिसंबर को जारी एक रिपोर्ट में ये बात सामने आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2023-2024 में जहां भारत की प्रति व्यक्ति नेट नेशनल इनकम (NNI) करीब 1 लाख 85 हजार 854 रुपए रही, वहीं एक मुख्यमंत्री की औसत आय 13 लाख 64 हजार 310 रुपए थी। यह भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय से करीब 7.3 गुना ज्यादा है।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू पर सबसे ज्यादा 180 करोड़ रुपए की देनदारी यानी कर्ज है। कर्नाटक CM सिद्धारमैया पर 23 करोड़ रुपए और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पर 10 करोड़ रुपए से ज्यादा का कर्ज है।

13 मुख्यमंत्रियों के खिलाफ क्रिमिनल केस

रिपोर्ट के मुताबिक, 13 मुख्यमंत्रियों (42%) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है, जबकि 10 (32%) ने गंभीर आपराधिक मामलों की घोषणा की है, जिनमें हत्या की कोशिश, अपहरण, रिश्वत देना और आपराधिक धमकी से संबंधित मामले शामिल हैं।

सबसे ज्यादा 89 मामले तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के खिलाफ दर्ज हैं। इनमें 72 गंभीर आपराधिक मामले हैं। तमिलनाडु CM एम के स्टालिन के खिलाफ 47 मामले दर्ज हैं, जिनमें से 11 गंभीर हैं। वहीं, आंध्र प्रदेश CM चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ कुल 19 केस दर्ज हैं।

पंजाब सरकार बोली-

डल्लेवाल बातचीत के लिए तैयार

नई दिल्ली. खनौरी बॉर्डर पर 36 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए पंजाब सरकार को 3 दिन की मोहलत मिल गई है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बैंच ने इसकी सुनवाई की।

जिसमें पंजाब सरकार ने कहा कि कल पंजाब बंद था, जिस वजह से ट्रैफिक नहीं चला। इसके अलावा एक मध्यस्थ ने भी आवेदन दिया है जिसमें कहा गया है कि अगर यूनियन हस्तक्षेप करती है तो डल्लेवाल बातचीत के लिए तैयार हैं। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के समय मांगने के आवेदन को मंजूर कर लिया।

इस अवमानना मामले की अगली सुनवाई अब 2 जनवरी को होगी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 28 दिसंबर की सुनवाई में पंजाब सरकार को 31 दिसंबर तक का टाइम दिया था।

कोर्ट के आदेश के बाद पंजाब पुलिस ने किसानों और डल्लेवाल को मनाने की काफी कोशिश की। 29 और 30 दिसंबर को रिटायर्ड ADGP जसकरण सिंह के साथ पटियाला पुलिस के सीनियर अफसरों को भेजा गया। उन्होंने किसान नेताओं और डल्लेवाल से भी बात की लेकिन वे राजी नहीं हुए।

कन्याकुमारी में देश के पहले समुद्री ग्लास ब्रिज का उद्घाटन

- विवेकानंद मेमोरियल से तिरुवल्लुवर प्रतिमा तक 77 मीटर लंबा पुल
- 37 करोड़ लागत

देश का पहला समुद्री ग्लास ब्रिज तमिलनाडु के कन्याकुमारी के तट पर बनकर तैयार हो गया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 77 मीटर लंबे और 10 मीटर चौड़े इस ब्रिज का उद्घाटन सोमवार शाम को किया।

ब्रिज के बनने से टूरिस्ट

कन्याकुमारी के तट पर विवेकानंद रॉक मेमोरियल से सीधे 133 फीट ऊंची तिरुवल्लुवर प्रतिमा तक पहुंच सकते हैं। इस प्रोजेक्ट के लिए राज्य सरकार के 37 करोड़ रुपए खर्च हुए।

कन्याकुमारी के टूरिजम अधिकारी ने बताया कि ग्लास ब्रिज पर नीचे समुद्र है। ब्रिज पर चलने से ऐसा लगता है जैसे हम समुद्र पर चल रहे हों। धनुषाकार आर्च ग्लास ब्रिज को तट पर चलने वाली तेज हवा को झेलने के हिसाब से डिजाइन किया है।

उद्घाटन के दौरान CM स्टालिन, डिप्टी CM उदयनिधि स्टालिन, राज्य के मंत्रियों और सांसद कनिमोझी पुल पर पैदल चले। उद्घाटन के बाद तिरुवल्लुवर की प्रतिमा पर लेजर लाइट शो का भी आयोजन किया गया।

संत तिरुवल्लुवर की मूर्ति के अनावरण के 25 साल पूरे होने पर ब्रिज का उद्घाटन... 4 पॉइंट

- कन्याकुमारी के स्थानीय लोगों के मुताबिक, संत तिरुवल्लुवर 2,000 साल पहले कन्याकुमारी में रहते थे। उन्होंने 1,330 दोहे लिखे थे, जिन्हें तिरुक्कुरल के नाम से जाना जाता है। तमिलनाडु के लोगों के मुताबिक, इन दोहों में आज की समय समय की हर समस्या का समाधान है।
- कन्याकुमारी तट के पास समुद्र में एक रॉक पर बनी 133 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण 1 जनवरी, 2000 को किया गया था। इसका उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री के करुणानिधि ने किया था। इसके 25 साल पूरे होने पर एमके स्टालिन सरकार ने ग्लास ब्रिज प्रोजेक्ट का उद्घाटन के लिए यह दिन चुना।
- ब्रिज के दूसरी ओर विवेकानंद स्मारक बना हुआ है। यह 1970 में बना था। ऐसा माना जाता है कि स्वामी विवेकानंद ने इसी रॉक पर तीन दिनों तक ध्यान करने के बाद ज्ञान प्राप्त किया था।
- कन्याकुमारी के इस तट पर सनसेट और सनराइज देखने हजारों लोग पहुंचते हैं। ब्रिज के शुरू होने से पहले विवेकानंद मेमोरियल से तिरुवल्लुवर तक पहुंचने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ता था। नए पुल के उद्घाटन के बाद अब पर्यटक स्मारक से प्रतिमा तक पैदल चल सकते हैं।

न्यूजीलैंड में सबसे पहले 2025 का आगाज

ऑकलैंड. दुनिया में नए साल 2025 का आगाज हो गया है। न्यूजीलैंड की राजधानी ऑकलैंड के लोगों ने सबसे पहले नए साल का जश्न मनाना शुरू कर दिया। यहां 31 दिसंबर रात की 12 बजते ही लोगों ने सड़क के बाहर आकर नए साल का जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान लोगों ने जमकर आतिशबाजी भी की। यहां भारत से 7 घंटा पहले नया साल मनाया जाता है। दुनिया भर में, कई लोग अभी नए साल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन न्यूजीलैंड के लोगों ने नया साल मनाना शुरू कर दिया है। यहां 31 दिसंबर रात की 12 बजते ही लोगों ने 2025 का जोरदार स्वागत किया।

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संक्षेप...

डेढ़ लाख कीमत की कफ सिरप जब्त

मुंब्रा. मुंब्रा थाने के नशा बिरोधी दस्ते ने मुंब्रा बायपास मार्ग मुंब्रा देवी मंदिर जाने वाले मार्ग के पास छापा मारकर नशे का कारोबार करने वाले सकलेन निसार अंसारी (22) को हिरासत में लेकर प्रतिबंधित खांसी सीरप की 240 बोतल बरामद किया है।

पुलिस टीम को सूचना मिली हुई थी कि मादक पदार्थ बेचने युवक बायपास मार्ग पर आने वाला है। इसके आधार पर सहायक पुलिस निरीक्षक प्रवीण सुरवाडे, उप निरीक्षक विजय सानप और नशा विरोधी इकाई की पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की है।

BJP अकेली लड़ेगी BMC चुनाव!

मुंबई. महाराष्ट्र में भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 133 सीटों पर जीत हासिल करके करिश्मा कर दिया था। महज 148 पर लड़ने वाली भाजपा ने करीब 90 फीसदी सीटों पर जीत हासिल की और महाराष्ट्र की राजनीति में भाजपा की यह सबसे बड़ी सफलता है। इसके पीछे आरएसएस की प्लानिंग और मेहनत को भी एक वजह माना जाता है। इस बीच आरएसएस और भाजपा ने निकाय चुनाव की तैयारियां भी तेज कर दी हैं। पार्टी के रणनीतिकारों की राय है कि निकाय चुनाव में अकेले ही उतरा जाए ताकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना और एनसीपी के मुकाबले ताकत

दिखाई जा सके। आरएसएस के लोगों की भी राय है कि भाजपा को निकाय चुनाव में अकेले ही उतरना चाहिए।

रणनीतिकारों का कहना है कि इससे भाजपा को निचले स्तर तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। इसके

अलावा मुंबई, पुणे, नागपुर समेत तमाम शहरों में वह अपनी ताकत को भी आंक सकेगी। भाजपा के अलावा अन्य दल भी अकेले ही लड़ने के पक्ष में हैं। खासतौर पर महाविकास अघाड़ी में तो उद्धव सेना कई बार दोहरा चुकी है कि वह निकाय चुनाव में अकेले ही उतरेगी। उद्धव सेना के प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा, 'पूरे महाराष्ट्र से शिवसैनिकों की राय सामने आ रही है कि हमें अकेले ही चुनाव में उतरना चाहिए। हाईकमान तक यह बात पहुंची है।' उद्धव सेना का कहना है कि इससे हमें दो फायदे होंगे। पहला, यह कि इससे पूरे राज्य में कार्यकर्ता उत्साहित होंगे। दूसरा, पार्टी के ज्यादा से ज्यादा लोगों को चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा।

भाजपा ने तो रणनीति बनाना भी तेज कर दिया है। भाजपा ने अपने सभी आनुषांगिक संगठनों को सक्रिय कर दिया है। हाल ही में भायंदर में भाजपा की एक मीटिंग निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई थी। इस बैठक में सीएम देवेंद्र फडणवीस और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले भी मौजूद थे। पार्टी के एक लीडर ने कहा कि निकाय चुनाव में आरएसएस भी सहयोग करेगा। भायंदर की मीटिंग में इसे लेकर मंथन भी हुआ है। उन्होंने कहा कि आरएसएस के लोगों ने निचले स्तर पर काम किया और उसका चुनाव में हमें फायदा मिला है। बता दें कि फिलहाल महाराष्ट्र निकाय चुनाव में ओबीसी कोटे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। कहा जा रहा है कि उच्चतम न्यायालय से फैसला आने के बाद कभी भी चुनाव कराए जा सकते हैं।

बंदूक और चाकू के बल पर

1.91 करोड़ के सोने और चांदी के सामान की लूट

उल्हास विकास संवाददाता

मुंबई. मुंबई के महालक्ष्मी क्षेत्र में दो लोगों ने बंदूक और चाकू के बल पर एक आभूषण की दुकान से 1.91 करोड़ रुपये के सोने और चांदी के सामान लूट लिए। आग्रीपाडा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि यह घटना सात रास्ता इलाके में हुई।

उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों ने दुकान के मालिक और कर्मचारियों को बांध दिया, उनके साथ मारपीट की और 1.91 करोड़ रुपये के गहने लूटकर फरार हो गए। अपराध शाखा भी मामले की जांच कर रही है और उन्हें पकड़ने के लिए पांच-छह टीम बनाई हैं। अधिकारी ने बताया कि दुकान के मालिक भवरलाल धरमचंद जैन की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

मुंबई में पिछले दिनों भी कई ऐसी वारदातें देखने को मिल चुकी हैं। बड़ी लूटों के साथ साइबर क्राइम का गढ़ बन चुकी है मायानगरी। हालांकि, मुंबई पुलिस इस पर लगाम लगाने की बात करती है, लेकिन इसमें कमी आने के संकेत नहीं मिल रहे हैं।

नागरिक सहकारी बैंक भिवंडी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद हेतु चुनाव निर्विरोध संपन्न

उल्हास विकास संवाददाता

भिवंडी. भिवंडी शहर की एकमात्र सहकारी बैंक के रूप में पहचानी जाने वाले नागरिक सहकारी बैंक भिवंडी के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन पद के लिए चुनाव सर्वसम्मत से हुआ. मु.इलियास को चेयरमैन और संदीप पवार को वाइस चेयरमैन निर्विरोध चुना गया है.नवनिर्वाचित अध्यक्ष व वाइस चेयरमैन का भाजपा पश्चिम विधायक महेश चौगुले, निवर्तमान अध्यक्ष राजू गाजेगी सहित तमाम डायरेक्टरों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया.

गौरतलब हो कि, मंडई स्थित बैंक की मुख्य शाखा के सभागृह में सहायक रजिस्ट्रार बालासाहेब

पाटिल की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित कर चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई. चुनाव निर्णय अधिकारी बालासाहेब पाटिल ने अध्यक्ष पद के लिए सीनियर डायरेक्टर मु.इलियास और उपाध्यक्ष पद के लिए संदीप पवार के सर्वसम्मत से निर्विरोध चुने की घोषणा की.नवनिर्वाचित चेयरमैन एवं उप चेयरमैन को भाजपा विधायक महेश चौघुले सहित शुभचिंतकों, निदेशक मंडल,स्टाफ कर्मियों ने बधाई दी है. नवनिर्वाचित चेयरमैन मु. इलियास और वाइस चेयरमैन संदीप पवार ने बैंक शेयरधारकों की सेवा करने का अवसर देने के लिए निदेशक मंडल का आभार व्यक्त किया है.

सांसद सुरेश म्हात्रे ने खोले पडघा टोल बूथ कर्मचारियों के कान

कल्याण. भिवंडी लोकसभा सांसद सुरेश (बाल्या मामा) महात्रे ने पडघा टोल बूथ पर कर्मचारियों को आड़े हाथों लेते हुए खूब खरी खोटी सुनाई, यहां वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई थीं क्योंकि यहां टोल वसूली का काम ठीक से नहीं चल रहा था,

आम नागरिकों को हो रही परेशानी और यातायात अव्यवस्था को देखते हुए सांसद सुरेश बाल्या मामा म्हात्रे ने टोल प्लाजा पर उतरकर टोल कर्मचारियों को आड़े हाथों लिया और खरी खोटी सुनाते हुए टोल प्रबंधन को तत्काल यातायात सुचारू करने के निर्देश दिये.

खुले नाले में गिरने से बाइक सवार घायल

- भिवंडी मनपा अधिकारी मूकदर्शक

उल्हास विकास संवाददाता

भिवंडी. ठेकेदार द्वारा बगैर कोई नियोजन किए ही गुलजार कोलड्रिंक के पास मुख्य नाले का निर्माण कार्य शुरू है.तीन बत्ती बाजार में गया हुआ बाइक सवार अपनी बाइक समेत खुले नाले में गिर गया.हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने बाइक सवार को नाले से बाहर निकाला और रस्सी की मदद से उसकी बाइक को भी बाहर खींचा. हादसे में बाइक सवार को चोटें आईं.राहगीरों का आरोप है कि, नाला और सड़क निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा सुरक्षा के पर्याप्त उपाय न करने के कारण



दुर्घटना घटी.सड़क निर्माण के पूर्व नहीं कोई चेतावनी बोर्ड नही सुरक्षा के लिए बैरिके* लगाए गए हैं.स्थानीय दुकानदारों ने घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि, बाजार परिसर में ऐसे हादसे आम हो गए हैं.बाजार में ग्राहक आना ही नहीं चाहते हैं.बाजार में दुकान खाली व्यापार बंद है लेकिन मनपा अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं. ठेकेदार तमाम नियम कानून की अनदेखी कर घटिया निर्माण कार्य कर मनपा को चूना लगा रहे हैं बावजूद भ्रष्ट अधिकारी सब कुछ जान समझकर भी आर्थिक फायदे के लिए आंखे मूंदे हुए हैं.

विधान परिषद के पूर्व सदस्य घनश्याम दुबे का निधन

मुंबई. महाराष्ट्र विधान परिषद के पूर्व सदस्य घनश्याम दुबे का मंगलवार को मुंबई के लीलावती अस्पताल में सुबह 5:45 बजे निधन हो गया. घनश्याम दुबे ने समाज को नई दिशा देने के लिए हमेशा संवाद और पहल का रास्ता अपनाया था. वे उत्तर भारतीय महासंघ एवं भारतीय विकास संस्थान के संस्थापक थे और उत्तर भारतीय समुदाय की आवाज को बुलंद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. दिवंगत दुबे का अंतिम संस्कार भदोही स्थित सुरियावां में किया जाएगा.

3 तड़ीपार,1 संदिग्ध और 1 युवक चाकू के साथ गिरफ्तार

भिवंडी. नए साल के जश्न को देखते हुए भिवंडी पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए बीते 2 दिनों में तगड़ी कार्रवाई करते हुए 3 तड़ीपार, एक संदिग्ध व्यक्ति शीत धारदार हथियार के साथ एक युवक को दबोचा है.

पुलिस के अनुसार, नारपोली पुलिस ने शिवाजी नगर, अंजूर फाटा निवासी अनिल किसन चव्हाण को जो 2 साल के लिए क्षेत्र से तड़ीपार किया गया बगैर मंजूरी इलाके में प्रवेश किया तो पुलिस ने दबोच लिया. भिवंडी शहर पुलिस ने नवी बस्ती निवासी भिवंडी शहर से तड़ीपार आरोपी असलम अब्दुल खालीद मोमिन और जैतून पुरा निवासी इजाज उर्फ इज्जू अख्तर को हिरासत में लिया. पुलिस ने कशेली गांव निवासी लक्ष्मण सुरेश शिवसरन को पदमा नगर के एक बाथरूम में संदिग्ध अवस्था में पकड़ा.पुलिस के मुताबिक, लक्ष्मण अंधेरे में छिपकर किसी अपराध को अंजाम देने की तैयारी में था.शांतिनगर क्षेत्र में स्व.इंदिरा गांधी उप जिला अस्पताल के सामने से भिवंडी क्राइम ब्रांच ने आबीद अकरम अंसारी को एक धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया.पुलिस को शक है कि वह किसी अपराध को अंजाम देने की फिराक में था.

भिवंडी मनपा टैक्स वसूली में फिसड्डी

- अभय योजना भी साबित हुई बेअसर
- 1 करोड़ ब्याज कमाई गंवाया तो वसूला 7 करोड़

भिवंडी. भिवंडी मनपा बकाया टैक्स वसूली में फिसड्डी साबित होने का खिताब हासिल किया है.अभय योजना के 7 दिनों में 1करोड़ 86 लाख की ब्याज छूट देकर 7 करोड़ 3 हजार 888 रुपए की वसूली कर हंड्रेड परसेंट नाकामी के बाद भी टैक्स विभाग अपनी पीठ थपथपा रहा है.मनपा प्रशासक आयुक्त अजय वैद्य की टैक्स वसूली की तमाम कोशिशें टैक्स विभाग कर्मियों की लापरवाही, भ्रष्टाचार की वजह से नाकाम साबित हुई हैं.

आयुक्त वैद्य ने आर्थिक संकट



दूर करने के लिए 12 जुलाई से 17 जुलाई तक अभय योजना टप्पा-3 लागू कर बकाएदारों से टैक्स जमा करने का आह्वान किया था.12 से 17 दिसंबर तक एक सप्ताह के लिए लागू इस योजना के तहत करदाताओं को बकाया भुगतान पर 100% ब्याज माफी का लाभ दिया गया. उक्त अवधि में 8 करोड़ 86 लाख 82 हजार 321 रुपये की कर वसूली की.

अभय योजना के तहत बकाया करदाताओं को 1 करोड़ 86 लाख 78 हजार 499 रुपये की ब्याज

राशि में छूट दी गई. 7 करोड़ 3 हजार 822 रुपये की शुद्ध राशि मनपा खजाने में जमा हुई. आश्चर्यजनक है कि, प्रशासक राज के करीब डेढ़ वर्ष में कई बार अभय योजना लगाई जाने का भी कोई सार्थक फायदा मनपा को नहीं मिला अपितु लाभ के रूप में जमा ब्याज का पैसा गंवाना पड़ा है.मनपा सूत्रों की माने तो, टैक्स विभाग में कार्यरत अधिकांश अधिकारी, कर्मचारी जेब भरने में ज्यादा लेकिन वसूली काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं. मनपा अधिकारी बकाएदारों पर कोई कड़क कार्यवाही नहीं करते हुए जेब भरने में अधिक ध्यान देते हैं. भिवंडी मनपा प्रापर्टी का बकाया करीब 350 करोड़ तक है.बकाया टैक्स वसूली नहीं होने से शहर विकास कार्य ठप्प है.मनपा के पास आय का अन्य संसाधन नहीं होने से टैक्स वसूली नहीं होने का सीधा असर शहर विकास कार्यों पर पड़ता है. शहर के प्रबुद्ध नागरिकों का आरोप है कि, मनपा टैक्स विभाग टैक्स बकाएदारों की समस्या का कोई निदान नहीं करता है जिससे तमाम टैक्स धारक बकाया जमा करने में कठिनाई झेलते हैं.आलम यह है कि,भिवंडी मनपा आयुक्त अजय वैद्य द्वारा शहर विकास को प्रधान्य देकर बकाएदारों की सहूलियत के लिए अभय योजना लगाकर टैक्स वसूली की तमाम कोशिशें बेअसर साबित हो रही हैं.

ओशिवारा में कुत्ते के भौंकने पर मार दी गोली

- अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज

मुंबई. ओशिवारा के आवासीय परिसर शांतिवन में एयरगन से गोली लगने के बाद एक आवारा कुत्ते को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रशांत आनंदराय लक्ष्मेश्वर (52) और उसके बेटे आदित्य (26) को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है, ताकि पता लगाया जा सके कि उनमें से किसने कुत्ते पर गोली चलाई थी। साथ ही पुलिस ने बताया कि उनके घर से मिली एयरगन को जब्त कर लिया गया है। कुत्ते के भौंकने से कथित तौर पर शूटर नाराज हो गया था और उसने पिता की एयरगन का इस्तेमाल किया। ओशिवारा पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि फिलहाल एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

रीता तनेजा जो इलाके में आवारा कुत्तों को खाना खिलाती हैं, ने बताया कि कुत्ते के फेफड़े में गोली लगने के बाद वह जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है।

लोखंडवाला ओशिवारा नागरिक संघ के धवल शाह ने बताया कि कुत्ते को बहुत ज़्यादा खून बह गया है और उसे अंधेरी के एक पशु चिकित्सालय के गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती कराया गया है। शाह ने कहा, हम कुत्ते को गोली मारने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

क्राइम ब्रांच के सीनियर इंस्पेक्टर दया नायक ने बताया कि बिल्डिंग में रहने वालों ने कुत्ते के मुंह से खून बहता देखा और उसके पेट में छेद हो गया था। उन्होंने बताया कि घावों से साफ पता चल रहा था कि बिल्डिंग 6 की पहली मंजिल से किसी ने कुत्ते को गोली मारी है। अधिकारी ने बताया कि आवारा कुत्ते के एक्स-रे से पता चला कि उसके पेट में गोली जैसी कोई चीज फंसी हुई है।

अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी पुलिस रडार पर

- मकान मालिकों को सख्त चेतावनी

मुंबई. अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है. पुलिस ने मुंबई में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है. मुंबई पुलिस के ज्वाइंट कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) सत्यनारायण चौधरी ने कार्रवाई की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि 195 मामले दर्ज कर कुल 278 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है. 50 बांग्लादेशी प्रवासियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर डिपोर्ट कर दिया गया है.

सत्यनारायण चौधरी ने आगे बताया कि पिछले तीन सप्ताह में

50 बांग्लादेशी नागरिकों की मुंबई के अलग अलग इलाकों से गिरफ्तारी हुई. बांग्लादेशी नागरिक मुंबई में मकान किराए पर लेकर रहते हैं. ऐसे में मकान मालिकों को भी विशेष हिदायत दी गई है. मकान किराया पर देने से पहले पुलिस को किराएदारों की जानकारी जरुर दें. पुलिस का सहयोग नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की भी सत्यनारायण चौधरी ने चेतावनी दी. रविवार की रात घाटकोपर पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे तीन बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया.

अब मुंबई में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों पर कार्रवाई

आरोपियों की पहचान शकील यारुल शेख, आलम अलाउद्दीन शेख और रसाल अकबर शेख के तौर पर हुई है. पुलिस ने बताया कि पकड़े गए बांग्लादेशी पनवेल में रहते थे. पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाला खुलासा किया है. उन्होंने बताया कि भारत की सीमा में एंट्री अवैध रूप से की थी.

गौरतलब है कि दिल्ली में बांग्लादेशी और रोहिंग्या के मुद्दे पर जमकर राजनीति हो रही है. विधानसभा चुनाव से पहले बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठ का मुद्दा गर्म है. अवैध रूप से रहे अप्रवासियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई भी हो रही है. अब मुंबई पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ सख्त तेवर अपना लिया है. पुलिस की कार्रवाई से बांग्लादेशी अप्रवासियों में हड़कंप मचा हुआ है.

पनवेल में सड़क हादसा एक की मौत, 2 घायल

नवी मुंबई. पनवेल तहसील के तहत आने वाले क्षेत्रों में 2 अलग-अलग सड़क हादसे हुए, जिसमें एक युवक की मौत हुई वहीं एक ट्रक चालक समेत 2 घायल हुआ, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पनवेल शहर और खांदेश्वर पुलिस स्टेशन में इन दोनों घटनाओं दर्ज किया गया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पनवेल के तहत आने वाले भिंगारी गांव के सर्विस रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटर को टक्कर मार दी, इस भीषण हादसे में सुशील दत्तराम पवार नामक युवक की मौत हुई, जबकि उसका साथी गंभीर घायल हुआ. इस मामले में पनवेल शहर पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में कार के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है. वहीं दूसरी घटना मुंबई-पुणे राजमार्ग पर खांदेश्वर पुलिस स्टेशन की सीमा में मुंबई लेन पर हुई, जहां पर एक तेज रफ्तार ट्रक पलट गया, इस हादसे में ट्रक चालक सुशील कुमार चेतन भाई पटेल गंभीर रूप से घायल हुआ. पुलिस ने बताया कि पटेल की ट्रक का एक्सल अचानक टूट गया, जिसकी वजह से उसने ट्रक से नियंत्रण खो दिया और ट्रक बाईं ओर जाकर पलट गया. दुर्घटनाग्रस्त वाहन को आईआरबी क्रेन की सहायता से सड़क के किनारे कर के यातायात सुचारू रूप से चालू किया.

आम सूचना

हम श्री रविंद्र दयाराम हरदासाणी व श्रीमती संध्या रविंद्र हरदासाणी सभी को सूचित कर रहे हैं कि साई जयरामदास अपार्टमेंट, बैरक नं. 407,रुम नं. 7 से 11, गोल मैदान, 3रा माला, फ्लैट नं. 301, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 12बीआय017990500) उक्त प्रॉपर्टी श्री सीतलदास सुगनोमल धुंग और अन्य दो जनों के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 2.5.2002 सी.नं. 3 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री रविंद्र दयाराम हरदासाणी व
श्रीमती संध्या रविंद्र हरदासाणी

महारानी का किरदार निभाना सपना था : रश्मिका

- बोलीं- महारानी का किरदार निभाने का सपना हुआ पूरा
- विक्की कौशल के साथ नजर आएंगी

फिल्म 'छावा' में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना छत्रपति संभाजी महाराज की पत्नी, महारानी येसूबाई भोसले का किरदार निभा रही हैं। एक मराठी महारानी का किरदार निभाना रश्मिका के लिए सिर्फ एक मौका नहीं, बल्कि एक सपना था। हाल ही में दैनिक भास्कर से बातचीत के दौरान, रश्मिका ने बताया कि उनका सपना खुद को महारानी के रोल में देखना था, जो 'छावा' से पूरा हुआ। बता दें, इस किरदार के लिए रश्मिका ने पांच महीने तक रोजाना 3-4 घंटे भाषा सीखने में बिताए।

रश्मिका ने कहा, 'इस फिल्म के लिए मैंने बहुत ज्यादा मेहनत की है। लेकिन यह वही है जो मैंने हमेशा चाहा था। जब मैंने एक्टर बनने का सपना

देखा, तब से ऐसी ऐतिहासिक फिल्म में काम करने की इच्छा थी। हमारे इतिहास, परंपराओं और संस्कृति की भव्यता मुझे हमेशा आकर्षित करती है। 'छावा' जैसी फिल्म में काम करना मेरे लिए एक सपना पूरा होने जैसा है। मैं हमेशा से खुद को एक राजसी दुनिया में, किसी महारानी के रूप में, शाही महल, शानदार डांस और इतिहास के बीच देखने का सपना देखती थी। जब यह फिल्म मेरे पास आई तो मैं बहुत उत्साहित थी।

यह लक्ष्मण उतेकर सर की दूरदृष्टि थी जिसने इसे खास बनाया। उन्होंने मुझे पहली बार कहानी सुनाते समय कहा था कि वह मुझे एक महाराष्ट्रीयन क्वीन के रूप में देखना चाहते हैं। मेरी शक्ल-सूरत, मेरे चेहरे के फीचर्स - सब कुछ इस किरदार के लिए परफेक्ट थे। यह एक ऐसी फिल्म है जो आपको गर्व महसूस कराएगी। यह न केवल भव्य है बल्कि दिल को छूने वाली भी है।'

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099